तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 15 जून 2024



11 शिविर में रक्तदान करने उमड़ी भीड़





12 नवीन आचार्य प्रशिक्षण में शामिल हुए 104 शिक्षक







## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972-12782 **(1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर एवं मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर- 11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

**पाठ्यक्रम का नाम**

1. फायर टेक्नोलॉजी एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
2. बी.एस.सी. इन फायर सेफ्टी
3. पी.जी. कोर्स व्यावसायिक सेफ्टी, स्वास्थ्य व पर्यावरण मैनेजमेंट सिस्टम
4. हैल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
5. सब-फायर ऑफिसर
6. सर्टिफिकेट इन फायरमेन



Advt.







## मूंगफली का अवैध परिवहन मंडी टीम ने पकड़ी



**भटगांव।** कलेक्टर के निर्देश पर सारंगढ़ मंडी निरीक्षक रामप्रसाद सिदार, उपनिरीक्षक दिलीप बर्मन, प्रीति तिर्की और अंजू दिनकर की जांच टीम ने महासमुंद जिले के सागरपाली के व्यापारी जयसिंह द्वारा किए जा रहे 22 क्विंटल मूंगफली का अवैध परिवहन को पकड़ा, जिसे मंडी अधिनियम के तहत अवैध व्यापार पर कार्यवाही की। विगत दिनों के जांच में सागरपाली के ही अन्य व्यापारियों से 12 क्विंटल और 14 क्विंटल का मूंगफली प्राप्त हुआ है।

**गठन**

*तीन माह के भीतर जांच पूर्ण कर शासन को प्रस्तुत करेंगे रिपोर्ट*

# जैतखाम क्षतिग्रस्त मामले की जांच करेंगे हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन द्वारा जांच आयोग अधिनियम 1952 की संख्या 60 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम महकोनी अमरगुफा स्थित जैतखाम को क्षतिग्रस्त करने वाली घटना की जांच के लिए उच्च न्यायालय बिलासपुर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सीबी बाजपेयी की अध्यक्षता में एक सदस्यी जांच आयोग गठित किया गया है। आयोग अधिसूचना प्रकाशन की तारिख से तीन माह के भीतर अपनी जांच पूर्ण कर शासन को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। इस संबंध में जारी आदेश में जांच के प्रयोजन के विषयों का 6 बिन्दुओं में उल्लेख किया गया है, जिसमें घटना दिनांक 15 व 16 मई की मध्यरात्रि बलौदाबाजार जिला अंतर्गत महकोनी अमरगुफा में जैतखाम को क्षतिग्रस्त करने की घटना कैसे घटित हुई, वह कौन सी परिस्थिति अथवा कारण थे जिनके फलस्वरूप घटना घटित हुई।

उक्त घटना के लिए कौन कौन व्यक्ति जिम्मेदार है। घटना के पूर्व घटना के दौरान तथा घटना के उपरांत ऐसे अन्य मुद्दे जो घटना से संबंधित हो भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इस हेतु सुरक्षा एवं प्रशासकीय कदम उठाये जाने के संबंध में सुझाव एवं उपाय तथा अन्य ऐसे महत्त्वपुर्ण बिन्दु जो जांच आयोग जो शासन के संज्ञान में लाना चाहे शामिल हो।



### पति को निरापराध बताते महिला ने पूर्व सीएम को सौंपा आवेदन

शुक्रवार को बलौदाबाजार पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से जिला कांग्रेस कार्यालय में मिलने पहुंची ग्राम पनगांव निवासी महिला सुनीता घृतलहरे ने आवेदन देकर बताया कि पति जीतेन्द्र घृतलहरे खोरसी नाला के पास अंडा चना आदि की दुकान लगाता है। उसे 10 जून को पुलिस द्वारा सतनामी समाज के घेराव आंदोलन व उपद्रव में शामिल रहने की बात कहकर जबरदस्ती थाना ले गई है। महिला का कहना है कि उसके पति का पूर्व में एक्सीडेंट होने से तीन जगह आपरेशन होने से शारीरिक रूप से कमजोर है तथा वर्तमान समय में इलाज चल रहा है। अतः अपने निर्दोष पति को छोड़े जाने पहल करने की मांग की गई है।

### वायरल वीडियो की जांच के लिए अधिकारी नियुक्त


सोशल मीडिया में 13 जून को वायरल वीडियो जिसमें पुलिस वालों द्वारा कुछ व्यक्तियों के साथ मारपीट करना प्रथम दृष्टया परिलक्षित हो रही है। उक्त वीडियो फुटेज की प्राथमिक जांच हेतु पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा आदेश जारी कर जांच अधिकारी के रूप में रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया है तथा सात दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है।

### बलौदाबाजार घटना की जांच करेंगी भाजपा की पांच सदस्यीय टीम

कांग्रेस पार्टी के पश्चात अब भाजपा द्वारा भी बलौदाबाजार में 10 जून को कलेक्टोरेट व नगर में घटित अग्निकांड तोड़फोड़ की घटना की जांच के लिए पांच सदस्यी टीम गठित की गई है, जो जांचकर सात दिवस के भीतर अपना प्रतिवेदन सौपेंगी। भाजपा द्वारा गठित पांच सदस्यी टीम में दयालदास बघेल, टंकराम वर्मा, शिवरतन शर्मा, नवीन मारकंडे एवं रंजना साहू को शामिल किया गया है।

## महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने ग्राम कोकोभांठा से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी सुरितराम चौहान पिता परसराम चौहान के कब्जे 15000 एमएल महुआ शराब कीमत 3000 रुपए जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई।






## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की बैठक आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर का मासिक बैठक पेंशनर्स समाज के सभा भवन में 15 जून को होगी। बैठक में कई विषयों पर चर्चा भी की जाएगी। समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने बताया कि बैठक में गरियाबंद तहसील अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष के बीच चल रहे विवाद पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में प्रदेश के सभी इकाईयों के पदाधिकारी एवं रायपुर नगर के पेंशनर उपस्थित रहेंगे।

### गर्भ के चिकित्सीय समापन के लिए बोर्ड का गठन

**रायपुर।** राज्य सरकार ने गर्भ का चिकित्सकीय समापन करने के लिए अधिनियम के तहत राज्य के हर जिले में एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया है। इस बोर्ड में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट या सोनोलॉजिस्ट तथा कुछ अन्य सदस्य शामिल होंगे।

### आगजनी की जांच के बाद हो कार्रवाई, समाज से शांति बनाए रखने की अपील

**रायपुर।** जैतखंब में तोड़फोड के विरोध में धरना-प्रदर्शन के बीच हुई आगजनी की घटना को लेकर वाट्स एप में कई तरह की भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है। समाज के लोगों को इससे बचने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की जरूरत है। घटना को जिन लोगों ने अंजाम दिया है, वह किसी लिहाज से सही नहीं है। हम इसकी निंदा करते हैं। अभी जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, उसकी पुख्ता जांच कराई जाए। शासन-प्रशासन द्वारा किसी भी निर्दोष को परेशान न किया जाए। यह अपील गुरुवार की शाम महाराष्ट्र मंडल में पत्रकारवार्ता के दौरान सामाजिक सद्भावना मंच के राजमहंत बंशीलाल कुर्रे, डॉ. एसएल निराला ने की। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि समाज के लोगों तक वाट्स एप के जरिए कुछ लोग गलत जानकारी प्रसारित कर रहे हैं। ऐसा करके समाज को भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे समाज के लोगों को बचने की जरूरत है। लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें और किसी के बहकावे में न आएं।

### रोमांचक मैच में टीम ब्रह्मा बॉयज ने जीता मैच



**रायपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन कायस्थ प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में मंगलवार को ब्रह्मा बॉयज एवं राजनांदगांव नाइट राइडर के बीच जबरदस्त मैच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव की टीम ने युवराज के शतक 104 रन के साथ 147 रन बनाए, जिसकी चुनौती स्वीकार करते हुए ब्रह्मा बॉयज की टीम ने विश्वंशु श्रीवास्तव के शतक के साथ विजय का टारगेट पूरा कर तीन विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच विश्वंशु श्रीवास्तव रहे। इसका फाइनल मैच 16 जून को सुभाष स्टेडियम में होगा। बहुत ही रोमांचक मैच में दर्शकों ने खिलाड़ियों के खेल कौशल की सराहना की। इस प्रतियोगता में पूरे छत्तीसगढ़ के कायस्थ समाज के युवाओं ने भाग लिया।

# सांसदों से जामवाल ने कहा- क्षेत्र की समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाने पर करें फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने गुरुवार को सभी सांसदों से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में वन टू वन जहां लोकसभा चुनाव का पूरा फीडबैक लिया, वहीं सभी से अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा सक्रिय रहने के लिए भी कहा। अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाने पर फोकस करने के लिए कहा है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इस बार दस सीटें जीती हैं। एक ही केंद्र में एनडीए की सरकार बनने के बाद अब प्रदेश संगठन भी सक्रिय हो गया है। पहली बार क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सभी सांसदों को ठाकरे परिसर बुलाया। ठाकरे परिसर में सुबह से लेकर दोपहर तक एक-एक सांसद से अलग-अलग बात करके उनकी बात सुनी और चुनाव को लेकर फीडबैक भी लिया। इस बैठक में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग के विजय बघेल, राजनांदगांव के संतोष पांडेय, कांकेर के भोजराज नाग, बस्तर के महेश कश्यप, महासमुंद की रूप कुमारी चौधरी, सरगुजा के चिंतामणि महाराज, रायगढ़ के राधेश्याम राठिया और जांजगीर चांपा की श्रीमती कमलेश जांगड़े शामिल हुई। केंद्रीय मंत्री बनाए गए बिलासपुर के सांसद तोखन साहू दिल्ली में होने के कारण बैठक में नहीं आए। बैठक के बाद ज्यादातार सांसदों ने यही कहा, औपचारिक मुलाकात थी। राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय ने बताया, लोकसभा चुनाव का फीडबैक लिया गया है। अधिक से अधिक अपने क्षेत्र की जनता के संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के भी निर्देश गए हैं। अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से सदन में उठाने को कहा गया है।

■ एक-एक सांसद से वन टू वन लोकसभा चुनाव का पूरा फीडबैक लिया



## वन अफसरों के साथ मिलकर डीआरआई ने ओडिशा में ज्वाइंट ऑपरेशन किया

# वन अपराध रोकने अंतर्राज्यीय तस्करों पर कार्रवाई में पहली बार डीआरआई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन अपराध रोकने तथा इंटर स्टेट वन अपराधियों पर अंकुश लगाने उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन अफसर केंद्रीय एजेंसी डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटिलिजेंस (डीआरआई) की भी मदद ले रहे हैं। एक मामले में ओडिशा के वन अपराधियों के पास तेंदुआ के साथ भारी मात्रा में पैंगोलिन खाल होने की सूचना मिलने पर छापे की कार्रवाई की। छापे की कार्रवाई में कोई विशेष सफलता तो हाथ नहीं लगी, लेकिन छापे की कार्रवाई में दो लोगों के कब्जे से 160 नग पैंगोलिन खाल जब्त की गई। हालांकि डीआरआई ने किसी तरह से प्रकरण दर्ज करने के बजाय मामला वन अफसरों को ट्रांसफर कर दिया।

**खास खबर**

उदंती-सीतानदी के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक उत्तरी तथा दक्षिणी कालाहांडी में शेड्यूल-1 प्रजाति के वन्यजीव पैंगोलिन तथा तेंदुआ खाल होने की सूचना मिलने पर छापे की कार्रवाई की गई। छापे की कार्रवाई में डीआरआई की टीम के साथ ओडिशा वन अफसरों की टीम को शामिल किया गया। छापे की कार्रवाई में दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पैंगोलिन खाल की जब्ती की गई। अफसर के अनुसार तेंदुआ खाल के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इसके लिए छापे की कार्रवाई लगातार जारी है।

## तेंदुआ खाल होने की सूचना पर वन अफसरों ने डीआरआई की मदद ली

### इसलिए डीआरआई को किया शामिल

वन अफसर के अनुसार ओडिशा के तस्कर उदंती-सीतानदी में वन अपराध की घटना को अंजाम देने के बाद ओडिशा चले जाते हैं। इसके कारण वन अपराधियों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया पूरी करने में समय लगता था। इस बात को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई में केंद्रीय एजेंसी को शामिल किया गया है। हालांकि वन अफसरों ने ओडिशा में छापे की कई बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगल में कब्जा करने वालों के साथ वन्यजीवों का शिकार करने वाले अपराधियों पर नकेल कसते हुए उनकी गिरफ्तारी की है।



### कार्रवाई में पहली बार केंद्रीय एजेंसी शामिल

गौरतलब है कि वन अफसरों ने वन्यजीव अपराध में छापे की कार्रवाई में किसी केंद्रीय एजेंसी को शामिल किया है। केंद्रीय एजेंसी के शामिल होने से दूसरे राज्य में जाकर रेड कार्रवाई करने में आसानी होती है, इसी वजह से केंद्रीय एजेंसी को छापे की कार्रवाई में शामिल करने की बात जानकार कह रहे हैं। डीआरआई तथा वन अफसरों की टीम ने छापे की कार्रवाई ओडिशा के उत्तरी तथा दक्षिणी कालाहांडी में की है।

### डीआरआई की मदद से कार्रवाई की गई

वन अपराधियों के पास तेंदुआ तथा पैंगोलिन की खाल होने की सूचना पर ओडिशा वन अफसरों के साथ डीआरआई की मदद से छापे की कार्रवाई की गई। कार्रवाई में 160 नग पैंगोलिन खाल जब्त करने के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आने वाले दिनों में इंटर स्टेट तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने डीआरआई की मदद ली जाएगी।

- **वरुण जैन,** डिप्टी डायरेक्टर, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व

## छोटे व्यापारियों को प्राथमिकता

# ट्रेनों की पार्सल बोगी को अब लीज पर देगा रेलवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों के सामान को ट्रेनों के माध्यम से एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन भेजने के लिए पार्सल बोगी, एसएलआर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेल प्रबंधन पार्सल परिवहन की क्षमता में वृद्धि करने एवं व्यापारियों को अधिकाधिक माल ढुलाई की सुविधा उपलब्ध कराने पार्सल बोगी (एसएलआर) को लीज पर देगा। इसमें कोरबा-विशाखापत्तनम, कोरबा-त्रिवेन्द्रम व कोरबा-यशवंतपुर अन्य ट्रेन शामिल है।

एसईसीआर द्वारा पार्सल बुकिंग के लिए मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों में पार्सल कार्यालय की सुविधा प्रदान की गई है, यहां यात्रियों द्वारा अपने सामान को किसी भी पार्सल आधारित स्टेशनों के लिए बुक कर पार्सल बोगी में भेजा जाता है। रेलवे की पार्सल सेवाएं छोटे व्यापारियों व यात्रियों की माल ढुलाई का एकमात्र सुविधाजनक साधन है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए छोटे-बड़े व्यापारियों को प्रतिस्पर्धी दर के साथ सुरक्षित पार्सल-माल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा ट्रेनों की पार्सल बोगी को लीज पर देने की व्यवस्था की गई है।

■ लीज ट्रेनों की सूची में कोरबा-विशाखापटनम, कोरबा-त्रिवेंद्रम व कोरबा-यशवंतपुर तथा अन्य ट्रेन शामिल

इसी के तहत छोटे एवं बड़े वर्ग के व्यापारी अपने माल एवं सामान को तेज, विश्वसनीय, सुरक्षित और सस्ते तरीके से ढुलाई के लिए इन पार्सल सेवाओं का निरंतर उपयोग कर रहे हैं।

### वेबसाइट पर जारी की जाएगी ई-निविदा

मंडल से चलने वाली ट्रेनों की पार्सल बोगी (एसएलआर) को लीज पर देने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट पर ई-निविदा जारी की जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मंडल से चलने वाली 17481 बिलासपुर-तिरुपति, 20845 बिलासपुर-बीकानेर, 18517 कोरबा-विशाखापत्तनम, 22647 कोरबा-त्रिवेन्द्रम, 12252 कोरबा-यशवंतपुर, 22407 अंबिकापुर-निजामुद्दीन, 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन, 18234 बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों को लीज पर दिया जाएगा। चूंकि लीज होल्डर को गाड़ी के प्रारंभिक स्टेशन के साथ यात्रा मार्ग के सभी पार्सल आधारित स्टेशनों में पार्सल लोडिंग-अनलोडिंग की सुविधा प्राप्त होती है, इसलिए यह लीज होल्डरों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

## आलू-प्याज-टमाटर फिर खाने लगे भाव

# बरबट्टी, धनिया, करेला, मुनगा समेत कई सब्जियों की कीमत 80 से 100 रुपए पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी में सब्जियों का उत्पादन कम होने का असर लगातार उनकी कीमतों पर पड़ रहा है। पिछले लगभग माहभर से सब्जियों की आवक थोक मंडी में कम हो गई है। इसके कारण इनकी कीमत में लगातार वृद्धि देखी जा रही है।

गुरुवार को सब्जियों के भाव में और बढ़ोतरी हुई है, जिसके कारण टमाटर, प्याज के साथ बरबट्टी, करेला, हरी धनिया सहित अन्य कई सब्जियों के भाव में 5 रुपये से लेकर 10 रुपये तक इजाफा हुआ है। थोक में भाव बढ़ते ही चिल्हर में भी सब्जियां और महंगी हो गई हैं। हालांकि चिल्हर में थोक की तुलना में डेढ़ से दोगुना भाव में बिक रही हैं। चिल्हर में टमाटर 40 से 50 रुपये, प्याज 40, हरी धनिया 160, बरबट्टी, करेला, मुनगा 80 से 100 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। अन्य सब्जियां भी 40 से 60 रुपये किलो है।







### सब्जियों के भाव प्रति किलो

| | थोक | चिल्हर |
|---|---|---|
| टमाटर | 25-30 | 40-50 |
| बरबट्टी | 55-60 | 80-100 |
| मुनगा | 45-50 | 60-80 |
| करेला | 45-50 | 70-80 |
| शिमला मिर्च | 35-40 | 55-60 |
| हरी धनिया | 100-110 | 140-160 |
| लौकी | 20-25 | 40 |
| पत्तागोभी | 20-25 | 40 |
| कल्याणीभाटा | 20-25 | 40 |
| कोचई | 30-35 | 50-60 |
| तोरई | 30-35 | 50-60 |
| प्याज | 22-25 | 40 |
| कुंदरू | 35-40 | 50-60 |
| गाजर | 22-25 | 35-40 |
| मूली | 20-25 | 35-40 |
| खीरा | 15-20 | 30 |

### सागभाजी भी 80 रुपए किलो तक पहुंची

सागभाजी में पालक, लालभाजी, चौलाई आदि भी अब चिल्हर में 80 रुपये किलो तक पहुंच गई है, जबकि दो सप्ताह पहले तक ये सभी भाजी 40 से 50 रुपये किलो थी।

### बारिश सीजन में भाव गिरने की संभावना कम

श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति डूमरतराई के अध्यक्ष टी.श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि सब्जी उत्पादक राज्यों में इस साल जमकर गर्मी पड़ी है। इसके कारण सब्जियों के उत्पादन में भारी कमी आई है। सब्जियों का उत्पादन घटने के कारण दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ की थोक मंडी में आने वाली सब्जियों की आवक भी घटकर 25 से 30 प्रतिशत हो गई है। इसके कारण ज्यादातर सब्जियों के भाव बढ़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के बाद बारिश का सीजन शुरू हो जाएगा। इस सीजन में भी सब्जियों का उत्पादन कम होता है, जिससे आवक भी कम रहेगी। इसके कारण आगामी दिनों में सब्जियों के भाव गिरने की संभावना बहुत कम है। लौकी-पत्तागोभी भी 40 रुपये किलो बिकने लगी है। एक सप्ताह पहले तक लौकी और पत्तागोभी के भाव गिरे हुए थे। थोक में 8 से 12 रुपये एवं चिल्हर में 20 रुपये चल रही दोनों सब्जी किलो में अब 40 रुपये तक पहुंच गई है।

# रमन ने साय सरकार के 6 माह के कार्यकाल को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी सरकार के कार्यों की जमकर तारीफ की है। इस पर सीएम साय ने रमन सिंह का आभार जताते हुए कहा, आभारी हूं आपका। आपके इन शब्दों से न केवल उत्साह बढ़ा है, बल्कि और अधिक बेहतर करने की प्रेरणा भी मिली है।

डॉ. रमन सिंह ने वीडियो जारी कर कहा, छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 6 माह का कार्यकाल निश्चित रूप से पिछली कई सरकार से और देश में भी कई सरकारों से अभूतपूर्व रहा है। इन छह महीनों में सरकार द्वारा बड़े निर्णय लिए गए। मोदी की गारंटी संकल्प पत्र के अनुरूप कार्य करते हुए साय सरकार ने मात्र 6 महीने में ही 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी की, 2 साल का बकाया बोनस 3716 करोड़ किसानों के खातों में पहुंचा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए पक्के आवास की स्वीकृति दी, महतारी वंदन योजना से 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को प्रति माह 1000 की सहायता राशि सुनिश्चित कर प्रदेश की सरकार ने अद्भुत कार्य किया है। सभी योजनाओं का क्रियान्वयन शत-प्रतिशत हुआ है। शुरुआत के छह महीनों में विष्णु सरकार का प्रदर्शन बेहतर रहा है।



■ सीएम साय ने जताया आभार

### संवर रहा छत्तीसगढ़

इधर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के आज 6 महीने पूरे हुए। इस पर भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ का सोशल मीडिया में हैशटैग अभियान संवर रहा छत्तीसगढ़ टॉप ट्रेंडिंग कर रहा है। समूचे छत्तीसगढ़ से आम लोगों का इसे भरपूर समर्थन मिल रहा है। लोग उत्सुकतापूर्वक विष्णु सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की फोटो, वीडियो, ग्राफिक्स को सोशल मीडिया के सारे प्लेटफॉर्म में पोस्ट और शेयर कर रहे हैं।

# अमित बोले- बलौदाबाजार घटना की हाईकोर्ट के जज से कराएं जांच


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ पुलिस कर रही निर्दोष लोगों पर कार्रवाई

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने बलौदाबाजार की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, घटना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज को बदनाम करने की साजिश की गई है। पुलिस द्वारा निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर मुकदमा दायर किया जा रहा है, जिसे तत्काल वापस लिए जाने की आवश्यकता है। इस घटना की जांच उच्च न्यायालय के पदेन न्यायाधीश से कराने की मांग की है। उन्होंने बलौदा बाजार जिले का नाम बाबा गुरु घासीदास के नाम पर करने की मांग की है। उन्होंने कहा, पूर्व में कांग्रेस की सरकार ने भी सतनामी समाज के धर्म स्थलों और लोगों को विशेष रूप से टारगेट किया। कांग्रेस और भाजपा ओछी और छुआछूत प्रवृत्ति का परिचय दे रही हैं। दोनों पार्टियों ने सतनामी समाज को सिर्फ वोट बैंक की नजर से देखा है। सरकार अपनी प्रशासनिक गलती को छिपाने बर्बरतापूर्वक एक समाज विशेष के लोगों पर कार्रवाई कर रही है, इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।

### बलौदाबाजार घटना की उच्च स्तरीय कमेटी से जांच कराएं



**रायपुर।** पूर्व मंत्री एवं रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कहा, गिरौदपुरी में जैतखंब को तोड़फोड़ करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिये सतनामी समाज लोकतांत्रिक तरीके से विरोध-प्रदर्शन करने इक्कठे हुये थे। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ एवं आगजनी की गई। पुलिस पूरे सतनामी समाज को अपराधी ठहरा रही है। उन्होंने मामले में उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर तथ्यों की सूक्ष्म जांच की मांग की है। श्री शर्मा ने पुलिस को आड़े हाथ लेते हुये कहा, अराजक लोगों द्वारा किये गये कार्यों के कारण पुलिस समस्त सतनामी समाज पर बर्बर तरीके से अत्याचार कर रही है, जो अमानवीय एवं मानव अधिकार का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने इस मामले में निर्दोष लोगों को फंसाने, अमानवीय कार्यवाही पर रोक लगाने तथा असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# हाईवे पर टर्न के पास टैंकर देख नहीं पाया, बाइक चालक ने सामने से मारी टक्कर, मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में एक बाइक की टैंकर के सामने से भिड़ंत होने की वजह से मौके पर ही बाइक चालक की मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह नौ बजे की है। मृतक आरंग से महासमुंद जाने के लिए निकला था।

इसी दौरान टर्निंग के पास बाइक चालक टैंकर को आता नहीं देख पाया और टैंकर के सामने भिड़ गया। टैंकर की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि टैंकर के चक्के में फंसकर मृतक करीब सौ मीटर तक घिसटता रहे। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे टैंकर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक टैंकर की चपेट में आने से महासमुंद, बरबसपुर निवासी परस निषाद की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार परस पारागांव के पास एक शौचालय से निकलने के बाद हाईवे में बने टर्निंग से अपनी बाइक को मोड़ रहा था।






बाइक टर्न करने के दौरान परस टैंकर को देख नहीं आ पाया और उसकी बाइक टैंकर के सामने भिड़ गई। टैंकर में टकराने के बाद परस अपनी बाइक सहित गिर गया। गिरने की वजह से परस का कंधा टैंकर के सामने वाले चक्का में फंस गया और वह चक्के में फंसकर घिसटता चला गया।

# भाजपा पार्षद दल 18 को महापौर कक्ष के सामने नगाड़ा बजाकर करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा पार्षद दल मंगलवार को नगर निगम के महापौर के सामने दोपहर 12 बजे नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन करेगा। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में भाजपा पार्षद जल संकट की समस्या, अमृत मिशन योजना के क्रियान्वयन में लेटलतीफी, ट्रेजर आईलैंड पर 17 करोड़ की बकाया राशि को 2.50 करोड़ करने पर सवाल उठायेगा। इसके साथ ही बारिश में जलभराव से निपटने निगम की तैयारी की जानकारी लेगा।

गांधी सदन में गुरुवार को भाजपा पार्षद दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के कक्ष में आयोजित की गई। भाजपा पार्षदों ने शहर में जल संकट से लोगों को हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा कि निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी कई वार्डों में पेयजल की समस्या बनी रहना गंभीर विषय है। भाजपा पार्षदों ने महापौर की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाये।

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे बैठक में कहा पेयजल के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। अमृत मिशन योजना में करोड़ों खर्च कर काम करवाये गये पर इसका समुचित लाभ शहर की आम जनता को नहीं मिल पाया।

नगर निगम सीमा क्षेत्र में निर्मित पानी टंकी से किस वार्ड में कितना पानी जाना है, इसका सही आकलन आज तक नगर निगम के अधिकारी नहीं कर पाये। ऐसे दोषी अधिकारियों पर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

### ट्रेजर आईलैंड से निगम को 15 करोड़ के नुकसान पर सवाल

एक तरफ शहरी सरकार की परिषद ट्रेजर आईलैंड से निगम को 15 करोड़ का नुकसान के मामले को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार से मिलने की तैयारी में है। वहीं भाजपा पार्षद दल इस मामले में महापौर की चुप्पी पर सवाल उठाने और उनका ध्यान आकर्षित कराने नगाड़ा बजाकर विरोध करेगा। अभी तक इस विषय में कार्रवाई क्यों नहीं की गई, इसका जवाब भी 18 जून को मांगा जायेगा। नेता प्रतिपक्ष के कक्ष में आयोजित बैठक में उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर, प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे, जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, सरिता वर्मा, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, नारद कौशल, चंद्रपाल धनगर, कामिनी देवांगन, सरिता दुबे, सुशीला धीवर, सीमा-मुकेश कंदोई, विश्वदिनी पांडे, कमलेश वर्मा, सावित्री-जयमोहन साहू, टेसू नंद किशोर साहू, गोपेश साहू, तिलक पटेल, सुमन राम प्रजापति, रोहित साहू, रवि ध्रुव उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पैंकरा कंवर समाज नर्रा सर्कल की बैठक कल

**नर्रा।** पैंकरा कंवर समाज नर्रा सर्कल की बैठक ग्राम नर्रा में 16 जून रविवार को प्रातः 10 बजे से आहूत की गई है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी देते हुए नर्रा सर्कल अध्यक्ष घनश्याम दीवान ने बताया कि उक्त बैठक में ग्राम रीको कला, जोबा कला, एवं नर्रा सर्किल आदि के समाज पदाधिकारी एवं स्वाजाति बंधुओं को बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### पुल के पास खड़ी बाइक चोरी

**महासमुंद।** तुमगांव रोड में ग्राम कौंदकेरा के पहले पुल के पास खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। 25 मई को हुई घटना में प्रार्थी अशोक भोई पिता भोजराम भोई ने बाइक क्र सीजी 06 जीवाय 5365 के चोरी होने की रिपोर्ट 13 जून को महासमुंद थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले को जांच विवेचना में लिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

**महासमुंद।** छह-सात माह पूर्व जुआ खेलने की बात को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को राजू ध्रुव पिता सेवकराम ध्रुव निवासी वार्ड नं 15 पुराना रावणभाठा शीतला मंदिर के पीछे महासमुंद ने बताया कि राजमिस्त्री का काम करता हूं। 13 जून की शाम करीब 4 बजे मैं अपने घर में था, उसी समय आरोपी गोविंद ध्रुव, रवि बुंदेला एवं हरि महाराज मेरे घर के पास आए और करीब छह-सात माह पूर्व जुआ खेलने की बात को लेकर वाद विवाद के बाद रंजिश रखते हुए मेरे साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ एवं मुक्का से मारपीट किए एवं गोविंद ध्रुव ने लोहे का चाकूनुमा औजार से मुझे मारा, जिससे मेरे बाएं हाथ की कलाई से खून निकला है एवं बाएं गाल में चोट लगी है। पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### टैंकर ने बाइक सवार को कुचला, मौत

महासमुंद। राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर गुरूवार सुबह पारागांव के पास एक पेट्रोलियम टैंकर ने एक किसान को अपनी चपेट में लिया जिससे उनकी मौत हो गई। टैंकर का टायर उनके कंधे से गुजरा जिससे किसान का शरीर टैंकर के निचले हिस्से में फंस गया मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम बरबसपुर निवासी परस निषाद (50) गुरुवार सुबह बाइक से आरंग से वापस महासमुंद की ओर जा रहा था। इस दौरान करीब 9 बजे आरंग के पारागांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पेट्रोलियम टैंकर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टैंकर का अगला टायर परस के कंधे को कुचलते हुए आगे निकल गया। इससे किसान टैंकर के निचले हिस्से में फंस गया ब्रेक लगाने के बावजूद टैंकर ने 100 मीटर तक किसान को घसीट दिया। इस दौरान किसान की बाइक भी चकनाचूर होकर टैंकर के सामने हिस्से में फंसी रही।

## विश्व रक्तदाता दिवस : 102 लोगों ने डोनेट किया ब्लड, 20 फर्स्ट टाइम डोनर इसमें 5 महिलाएं भी शामिल

# शिविर में रक्तदान करने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भटगांव

विश्वभर में 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। यह दिवस लोगों के जीवन को बचाने के लिए रक्त की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य मानव रक्त के महत्व के बारे में जागरुकता पैदा करना है। यह लोगों के जीवन को बचाने के लिए समाज में रक्त की आवश्यकता के बारे में ज्ञान का प्रसार करना है। दुनिया में रक्त के महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित करना और रक्त हानि के कारण पीड़ित लोगों की मदद करना है। विश्व रक्तदान दिवस को चिन्हित करने के लिए आम जनता विश्व में विभिन्न स्थानों पर होने वाले कार्यक्रमों और शिविरों में भाग लेती है। इसी तारतम्य में आज नगर पंचायत भटगांव में भी समस्त नगरवासियों ने मिलकर विश्व रक्तदाता दिवस के दिन विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में पूरे विकासखण्ड बिलाईगढ़ के आये रक्तदाताओं ने रक्तदान करने वालों की संख्या 102 रही, जिसमें से 5 महिलाओं ने भी रक्तदान किया।



### पहली बार किया रक्तदान

रक्तदान शिविर में जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया उनमें भटगांव निवासी राज उर्फ बबलू देवांगन, योगेश केसरवानी, संस्कार केसरवानी, बदम लाल, आकाश देवांगन, दुर्गेश देवांगन, रोशन कुमार नामदेव, त्रिलोक देवांगन, धन्नू सोनी, गणेश श्रीवास, अभय पांडे, सुजीत जायसवाल एवं साथी पुरगांव, खगेस धीवर बिलाईगढ़, आस्तिक देवांगन बिलाईगढ़, बबलू कश्यप शिवरीनारायण, दिगम्बर देवांगन कटगी, खगेश वैष्णव एवं साथी खपरीडीह, बोधराम प्रजापति डेरा डीह कटगी, योगेश डड़सेना पुरगांव, मृतुयनजय साहू सरसींवा, किशन लाल यादव गिर्वानी, मनोहर साहू झुमका, प्रदीप शर्मा बिलाईगढ़ शामिल है।

### इससे बड़ा कोई दान नहीं

नगर पंचायत भटगांव के उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इससे कई लोगों की जान बच जाती है। वहीं बीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव ने कहा कि आज नगर में रक्तदान शिविर आयोजित कर आयोजनकर्ताओं ने रक्तदान के प्रति युवाओं को उनके कर्तव्य के प्रति जागरूक करने का काम किया है। इनका रहा सहयोग–डॉ. तुलेस्वर वैष्णव राम मनोहर गुप्ता, आशीष केशरवानी, मोरध्वज देवांगन, हमराज देवांगन, पंकज दुबे, संजीव राजेत्री, शाहिद रहमान खान, रवि सिंग(मामा)गुड्डा साहू, सुरेश रघु, धर्मेंद्र साहू, रूपनारायण राजपूत, खिलेस्वर पटेल, मोनू यादव, उमा धीवर, विकास दुबे, योगेश केसरवानी, रामदुलार साहू, राजू निराला, संदीप पटेल, बसन्त सोनी का सहयोग रहा।

## रक्तदान शिविर में 38 यूनिट ब्लड प्राप्त



**बलौदाबाजार।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 38 यूनिट रक्त की प्राप्ति हुई। अस्पताल के पैथोलोजिस्ट डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा ने बताया की प्रति वर्ष 14 जून को विश्व रक्त दाता दिवस मनाया जाता है और पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी अस्पताल में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. वर्मा ने बताया कि रक्त दान को लेकर जागरूकता हेतु इसी वर्ष 5 जून को सोनाखान जैसे वनांचल में भी ऐसा ही एक शिविर आयोजित किया गया था जिसमें 26 यूनिट रक्त की प्राप्ति दान दाताओं से हुई थी। सिविल सर्जन डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार 18 से 65 आयु वर्ग का व्यक्ति जिसका वजन 45 किग्रा तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक वर्ष में ऐसा चार बार किया जा सकता है। रक्तदान से प्राप्त रक्त का उपयोग सीकल सेल, हीमोफीलिया के मरीजों या किसी दुर्घटना में घायल व्यक्ति के साथ–साथ डॉक्टर की सलाह पर अन्य चिकित्सा आवश्यकता पर किया जाता है। वर्ष भर में जिला अस्पताल को लगभग 2600 यूनिट रक्त की प्राप्ति होती है जो यहां उपयोग में आता है। यहां बुलाने पर दुर्लभ रक्त समूह जैसे –ए, एबी, एबी निगेटिव, ए निगेटिव वाले दानदाता भी उपलब्ध रहते हैं। बलौदाबाजार के खोगेश्वर पटेल ने बताया की वह वर्ष 2003 से रक्तदान करते आ रहे हैं। वर्ष में 2 से 3 बार ऐसा करते हैं। अब तक 50 से अधिक बार रक्त दान हो चुका है। इसी प्रकार पलाश रामटेके भी अब तक 16 बार रक्त दान कर चुके हैं। दोनों ही दानदाता इसे सामाजिक कार्य से मिली आत्मसंतुष्टि से जोड़ कर देखते हैं। स्टाफ की ओर से पैथोलोजिस्ट डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा, आशा यादव, अश्वनी सिन्हा, चेतन सिंग ने रक्त दान किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर स्वयं उपस्थित रह कर रक्त दान करने वालों का हौसला बढ़ाते रहे। उन्होंने प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित भी किया। दान दाताओं को जूस पिला कर अस्पताल प्रशासन ने धन्यवाद अर्पित किया। इस अवसर पर अस्पताल सलाहकार रीना सलूजा, स्टाफ नर्स अंशुल सिंग, एम एल टी चेतन, यामिनी साहू, चंद्रकुमार सहित राकेश पैकरा उपस्थित रहे।

## पास्ट चैंम्पियन एथलीट में चयन के लिए वाक-इन-इंटरव्यू 25 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

भारत सरकार के खेलो इंडिया योजना अंतर्गत जिला बलौदाबाजार भाटापारा में जिला फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र, कसडोल संचालित है। उक्त प्रशिक्षण केंद्र मे खेलो इंडिया लघु केंद्र की गाइडलाईन अनुसार 1 पास्ट चौम्पियन एथलीट महिला या पुरुष) की नियुक्ति हेतु वाक–इन–इंटरव्यू का आयोजन 25 जून को कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी जिला बलौदाबाजार–भाटापारा में किया जायेगा। पास्ट चौम्पियन एथलीट नियुक्ति के लिए निर्धारित योयता मे पहली प्राथमिकता सम्बंधित खेल के मान्यता प्राप्त एनएसएफ या एसोसिएशन के तहत मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भारत का प्रतिनिधित्व किया हो। दूसरी प्राथमिकता मान्यता प्राप्त एनएसएफ द्वारा आयोजित सीनियर नेशनल पास्ट चौम्पियनशिप में पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा या खेलो इंडिया गेम्स मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा हो। तीसरी प्राथमिकता राष्ट्रीय एआईयू पिछली चैम्पियनशिप मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा हो तथा चौथी प्राथमिकता मान्यता प्राप्त एनएसएफ द्वारा आयोजित सीनियर नेशनल विगत चैम्पियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व या खेलों इंडिया गेम्स मे भागीदारी को दी जाएगी। इसके अतिरिक्त एनआईएस को भी मान्य किया जायेगा। अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ 24 जून को कार्यालयीन दिवस में संध्या 5 बजे तक कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, आरटीओ परिसर बलौदाबाजार मे जमा कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म जिला कार्यालय एवं वेब साइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

## योग दिवस मनाने कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भटगांव



कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के संबंध में बैठक ली। जिला स्तरीय सामान्य योगाभ्यास कार्यक्रम कृषि उपज मंडी परिसर सारंगढ़ में 21 जून को सुबह किया जाएगा। कलेक्टर धर्मेश साहू ने परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान को गणमान्य अतिथियों को आमंत्रण, जिला आ यु व ेद अधिकारी को प्रोटोकॉल के अनुसार योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योगाभ्यास, उप संचालक समाज कल्याण विभाग को वृद्धाश्रम, दिव्यांगजनों के लिए संचालित संस्थाओं, योग प्रशिक्षण केन्द्रों और योग समितियों की सहभागिता, डीएफओ को वन अधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति, एसडीओ लोक निर्माण विभाग और ईएंडएम सारंगढ़ को आवश्यक बैठक व्यवस्था, विद्युत एवं सांउड व्यवस्था, एसडीओ पीएचई को पेयजल सहित अन्य विभाग अनुरूप कार्य खाद्य को स्वल्पाहार, स्वास्थ्य को स्वास्थ्य टीम, महिला एवं बाल विकास को आंगनबाड़ी सहायिका कार्यकर्ता सहित किशोरी बालिकाओं की उपस्थिति, खेल को खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की उपस्थिति, स्कूल शिक्षा को छात्र–छात्राओं की सहभागिता, नगरपालिका सारंगढ़ को परिसर की साफ–सफाई एवं टेंकर व्यवस्था, जनसंपर्क को प्रचार–प्रसार, प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय सारंगढ़ को एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों व कैडेट से जिले के समस्त महाविद्यालयों में योगाभ्यास कार्यक्रम और सीईओ जनपद को ब्लॉक स्तर पर तथा सीएमओ को नगरीय निकाय पर आयोजित योग कार्यक्रम आयोजन का संपूर्ण दायित्व सौंपा है। बैठक में समाज कल्याण के प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बैनर्जी, प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बृजेन्द्र ठाकुर, सीएमएचओ डॉ. अवधेश पाणिग्राही, सीएमओ सारंगढ़ राजेश पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

■ 21 जून को कृषि उपज मंडी परिसर सारंगढ़ में होगा योगाभ्यास

## दिवंगत शिक्षक के परिजनों को दी गई सहयोग राशि



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

गत दिनों सहायक शिक्षक अरविंद टडंन के आकस्मिक निधन पर उनके साथी शिक्षकों एवं संकुल समन्वयक प्रधान पाठक प्राचार्य ने उनके निवास पहुंचकर उनके परिजनों को श्रद्धांजलि स्वरूप सहयोग राशि 83100 रुपए प्रदान करते हुए शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर रामकुमार ध्रुव प्राचार्य, लोकेश ध्रुव समन्वयक, लीलम वर्मा, ममता वर्मा, प्रधान पाठक नरेन्द्र पटेल, अरूण साहू, दिनेश साहू, परमेश्वर देवांगन, ठाकुरदास मानिकपुरी, प्रसन्न पाठक, रूपेश रजक, मोहन जांगड़े, उमाशंकर यदु उपस्थित थे।

## बारिश से पहले घरौंदा की मरम्मत में जुटे ग्रामीण...



**पलारी।** इस सत्र का मानसून दरवाजे पर ही खड़ा है। आलम यह है कि सुबह से ही बदली छाई रहती है तथा यदा कदा मौकों पर बुंदाबादी हो जाती है। बारीश कभी भी हो सकती है। इस लिहाज से मौसम के मिजाज को देखते हुए ग्रामीण अपने खपरैल के घरौंदे के मरम्मत कार्य में जुट गए हैं। वहीं अचल में खपरैल के घरौंदे की मरम्मत जोर शोर से की जा रही है, मजदूरों का टोटा है। ग्रामीण लोकनाथ सुनहर साहू ने बताया कि बंदरों के उत्पात कर खपरैल को तहस नहस कर दिया है जिससे अभी हाल में हुए असमय बारिश से घरों में पानी घुस आया, जिससे अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा था। इस कारण पहले मोटा प्लास्टिक बीछाकर उसमें खपरैल मरम्मत की जा रही है। मजदूर भी अधिक लग रहा है, जिससें खर्चा बढ गया है।

## मध्यस्थ दर्शन सह अस्तित्ववाद पर लगे शिविर में आठ राज्यों के युवाओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा



ग्राम किरितपुर में मानव तीर्थ द्वारा दस दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। मानव तीर्थ द्वारा मध्यस्थ दर्शन सह अस्तित्ववाद पर आधारित परिवार व्यवस्था में जीने के अध्ययन और अभ्यास के लिए 3 से 12 जून तक 10 दिवसीय युवा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के 18 से 30 वर्ष के युवाओं ने भाग लिया। यह युवा शिविर मानव तीर्थ का 8 वां कैंप रहा। इस शिविर में 39 प्रतिभागी शामिल रहे। 8 अलग–अलग राज्यों जिसमें गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, मुंबई, उड़ीसा, बिहार, राजस्थान, उत्तरप्रदेश आदि राज्यों से युवा शामिल हुए। उक्त शिविर के उद्देश्य परिचय के बाद, अध्ययन से जुड़ने के लिए बीच की कड़ी के रूप में किया जाता हैं, जिससे अध्ययन अभ्यास की स्पष्टता बने, युवाओं को मानव तीर्थ में अध्ययन अभ्यास का स्वरूप का भास हो और युवाओं के मुद्दों पर चर्चा जैसे विवाह, कैरियर, पहचान, संबंध जो आज के समय में एक महत्वपूर्ण विषय है। साथ ही युवाओं में मंगल मैत्री स्थापित करना और निश्चित व व्यवस्थित दिनचर्या का अनुभव करवाना ही इस कैंप का मुख्य उद्देश्य रहा।

## कलेक्टर 10 बजे ही कार्यालय पहुंचकर करने लगे हैं नियमित कामकाज समीक्षा

# जिला कार्यालय के काम काज ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय में आगजनी की घटना के बाद एक ओर जहां रेस्टोरेशन के कार्यों में तेजी लाई गई है। दूसरी ओर दूर दराज से कामकाज के सिलसिले में ग्रामीण आवेदन लेकर जिला कार्यालय पहुंच रहे हैं। आज खाद्य शाखा में बड़ी संख्या में आवदेंक राशन संबधित कायोंर् के सिलसिले में पहुंचे। जिस त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड एवं 8 हितग्राहियों को नवनीकरण राशन कार्ड स्वयं कलेक्टर अपने हाथों से प्रदान किया। कलेक्टर ने सभी हितग्राहियों से बात करते हुए उनका हालचाल का जायजा लिया।

उन्होंने सभी से कामकाज के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान कविता बाई ने महिला समूह से जुड़कर काम करने की इच्छा जताई जिस पर कलेक्टर श्री सोनी ने कहा हम आने वाले दिनों में बिहान समूह का विस्तार करते हुए आजीविका गतिविधियों में तेजी लाएंगे और



आपको समूह से जोड़कर आजीविका गतिविधियों से प्रशिक्षित भी करेंगे। 11 हितग्राहियों में विकासखंड कसड़ोल अंतर्गत ग्राम पिकरी से श्रीमती दुर्गेश्वरी यादव, छाछी श्रीमती प्रीति साहू,सेल से श्रीमती गणेशी, बलौदाबाजार अंतर्गत भरसेला निवासी कुलेश्वरी,नगर से धनेश्वरी यादव,पूजा पटेल,कुंती यादव, लीलाबाई, आशा साय, रेशमा एवं मनीषा वर्मा, 8 नवीकरण राशन कार्ड हितग्राहियों में शहर बाई, प्रमिला बाई मानिकपुरी, कविता बाई, धरम बाई, शिवकुमारी, कोशल्या एवं प्रभा मानिकपुरी शामिल हैं। सभी ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसी तरह ग्राम सुकलाभाठा एवं चिराही से पहुँचे कुमारी मीनाक्षी निषाद पिता शिव कुमार निषाद तथा वासु आजाद पिता रमेश आजाद आधार अपडेट हेतु लोक सेवा केन्द्र पहुंचे जिस पर तत्काल उन्हें अपडेशन के साथ आधार कार्ड कलेक्टर द्वारा प्रदान किया गया। कलेक्टर ने कहा यदि घर में छोटे बच्चे जिनका आधार अपडेट 5 साल एवं 14 साल में होना है वह अपडेट अनिवार्य रूप से करते हुए प्रेरित करे।इसके साथ ही स्वयं कलेक्टर दीपक सोनी आज सुबह 10 बजे ही जिला कार्यालय पहुंचे। उन्होंने नियमित कामकाज करते हुए अधिकारियों की मैराथन बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है.इसके साथ ही वह आम जनों से मुलाकात कर उनके आवेदनों को समय सीमा में दर्ज कर निराकरण करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए हैं। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे, इंस्पेक्टर अमित शुक्ला, शीतलेश कुमार यादव, रामनारायण साहू, भुवनेश्वर सोरी, ईडीएम संदीप साहू सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण शामिल थे।

### लोकसेवा केंद्र में 2 दिनों में 389 आवेदनों का निराकरण

विगत 2 दिनों में लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से विभिन्न सेवा द्वारा 708 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 389 आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण किया गया है। इसमें आय प्रमाण पत्र 202, मूल निवासी प्रमाण पत्र 123, अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र 23, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र 10, भवन निर्माण अनुज्ञा 7, विवाह पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र 8, विवाह प्रमाण पत्र सुधार 3, सुखद सहारा योजना 1, न्यायालय आदेश प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सुधार 4, दुकान एवं स्थापना पंजीयन हेतु 1 आवेदन निराकरण किया गया है। उक्त जानकारी ईडीएम संदीप साहू द्वारा दिया गया हैं।

## तोखन लाल बने केंद्रीय मंत्री, समाज ने पीएम के प्रति जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

बिलासपुर सांसद तोखन लाल साहू को केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान मिलने पर ग्रामीण साहू समाज घिरघोल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार ज्ञापित किया है। इस मौके पर समाज प्रमुख मोहन साहू, दिलीप साहू,मदन साहू, गौकरण साहू, हेमकूमार साहू, रोमनाथ साहू, सोमेश साहू, गुलाब सिंह साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सरपंच और सचिव पर राशि गबन का आरोप, जांच में पहुंची टीम

## 14 वें और 15 वें वित्त की करीब 10 लाख रुपए की राशि का गबन के गंभीर आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सेंदुरस में ग्रामीण अशोक कुमार किशोर और ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने सरपंच तिजऊ गोड़ और सचिव पर 14 वें और 15 वें वित्त की करीब 10 लाख रुपए की राशि का गबन का गंभीर आरोप लगाया है। जिसकी जांच करने 3 सदस्यों की टीम जनपद पंचायत बिलाईगढ़ से ग्राम पंचायत सेंदुरस पहुंची, जिसने जांच में कुछ कार्य कराया गया पाया गया था, कुछ कार्य में खामियां भी पाई गई है। जांच अधिकारियों ने कहा कि जांच प्रतिवेदन बनाकर उच्च अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद उच्च अधिकारियों द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी। उपसरपंच प्रतिनिधि शशि भूषण सिंह राजपूत ने कहा की मेरी मां ग्राम पंचायत सेंदुरस में उपसरपंच के पद पर हैं, जिसके द्वारा आज तक किसी भी दस्तावेज में हस्ताक्षर नहीं किया गया है, इसके बाद भी 14वें और 15वें वित्त की राशि का आहरण कर लिया गया, जिसमें किसी भी प्रकार का कार्य नहीं कराया गया है, जो कार्य अभी बताया जा रहा है सभी कार्य फर्जी है। कई ऐसे कार्य है जिसमें गांव के लोगों द्वारा पैसा लगाकर कार्य कराया गया है। उस कार्य को सरपंच द्वारा मैं कराया हूं बोलकर पैसा आहरण कर लिया गया है। अभी सिर्फ 14वें और 15वें वित्त की राशि की जांच हो रही है। हमारे यहां आदर्श ग्राम पंचायत में करीब 35 लाख का भी कार्य हुआ है, उसमें धांधली की गई है, उसकी जल्द जांच कराएंगे। उपसरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि जितनी भी राशि का गबन सरपंच और सचिव द्वारा किया गया है, उक्त राशि को वापस किया जाए वरना उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### सही तरीके से कार्य कराया गया : सरपंच

वहीं इस मामले में सेंदुरस पंचायत के सरपंच तीजऊ गोंड ने कहा कि मेरे द्वारा सही तरीके से कार्य कराया गया है। मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की राशि का गबन नहीं किया गया है। अधिकारियों को कार्य में खामियां मिली है तो वह अधिकारी ही जाने।



### फील्ड में पहुंच कर जांच जारी

वहीं इस पूरे मामले की जांच में पहुंचे जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के करारोपण अधिकारी गजेंद्र कुमार साहू ने बताया की अभी जांच प्रक्रिया जारी है। फील्ड में जा जाकर हर कार्य की जांच की जा रही है, कुछ तो खामियां मिली है और कुछ कार्य कराए हुए पाए गए हैं। आगे जांच प्रतिवेदन बनाकर हम अपने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास जमा करेंगे, उसके बाद आगे की कार्यवाही उनके द्वारा की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### वाराणसी एवं अयोध्या धाम से सकुशल लौटे जिले व राज्य के स्काउट-गाइड

**महासमंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा 08 से 12 जून तक ट्रेनर मीट का आयोजन वाराणसी (बनारस) एवं अयोध्याधाम के लिए किया गया। जिसमें राज्य भर 40 प्रतिभागी एवं महासमुंद जिले के पांच प्रतिभागी सम्मिलित हुए। महासमुंद के प्रतिभागियों में रामकुमार साहू जिला सचिव, संतोष कुमार साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, राजीव कुमार तिवारी, झनेश कुमार साहू स्काउटर द्वय एवं लीलिमा साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सम्मिलित हुए।

### अतिरिक्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को सौंपा गया नवीन प्रभार

**महासमुंद।** प्रशासकीय दृष्टिकोण से शासकीय कार्यों के सुचारू संपादन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को आगामी आदेशपर्यंत तक प्रभार व दायित्व सौंपा गया है। जिसमें डिप्टी कलेक्टर मिषा कोसले को अतिरिक्त तहसीलदार महासमुंद एवं नायब तहसीलदार नंदिनी देवी वर्मा को नायब तहसीलदार बागबाहरा का नवीन प्रभार सौंपा गया है।

### निधन

**सरस्वती साहू**



**भवानीपुर।** ग्राम सांहडा निवासी सरस्वती साहू 77 वर्ष का निधन हो गया। वह बदिका प्रसाद साहू की पत्नी और शिक्षक दिनेश कुमार साहू, तहसील साहू संघ पलारी उपाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार साहू की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सांहडा में होगा। उनके निधन पर ग्रामीण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आयोजन : शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

# छात्रों में भाषा व गणित ज्ञान बढ़ाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा 1ली, 2री व 3री में भाषा व गणित अध्यापन कराने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें विकासखंड बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में 296 संचालित शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं का विकासखंड स्तरीय परिक्षेत्रवार एवं 3 जोन एवं तीन चरणों में 4 दिवसीय एफएलएन पेडागाजी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके प्रशिक्षण का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एम आर साहू एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एन साहू की उपस्थिति में हुआ। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत बैठक में हेमंत श्रीवास, दिनेशकांत आदित्य, पीतांबर सिदार, उषा चौहान गंगा पटेल व भारत माता खटकर के मार्गदर्शन में एवं मास्टर ट्रेनरों में प्रमुख रूप से बिलाईगढ़ परिक्षेत्र कोमल साहू, विनोद कुमार भैना, सरोजिनी साहू, भटगांव परिक्षेत्र बुद्धेश्वर कश्यप, गौरी शंकर कर्ष, बुधनी अजय एवं सरसींवा परिक्षेत्र अमित केशरवानी, चौतन्य साहू, कविता यादव सभी मास्टर ट्रेनरों द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें 10 से 13 जून प्रथम चरण 4 दिन तीनों परिक्षेत्र के शिक्षक शिक्षिकाएं भीषण गर्मी में भी सत प्रतिशत उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किये। शिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा शासन से प्राप्त बच्चों को अभ्यास पुस्तिका कैसे भरवाया जाए उस अभ्यास पुस्तिका में कैसे काम किया जाए, मौखिक भाषा विकास, भाषा पठन, लेखन, कक्षा में बच्चों की घर की भाषा को महत्व देना, उभरती साक्षरता संतुलित भाषा शिक्षण ,नवा जतन, ई जादुई पिटारा, स्कूल में पुस्तकालयों का रखरखाव कैसे किया जाए, बुनियादी शिक्षा बुनियादी गणित, मौखिक भाषा के चार मॉड्यूल वह गणित के मॉडल को विस्तार पूर्वक गतिविधि के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस तरह मास्टर ट्रेनरों एवं प्रशिक्षार्थियों के बीच भाषायी व गणितीय कौशलों पर विचारों का आदान–प्रदान होना। प्रतिदिन प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए इस तरह सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग, मास्टर ट्रेनरों, एम आर साहू बीआर सीसी) एसएन साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी के सहयोग व मार्गदर्शन से पहला चरण का एफएलएन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### एफएलएन प्रशिक्षण का प्रथम चरण पूर्ण



### मूल्यों का समावेश'' विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण

**भरुवाडीह।** एसआरसीपी टॉउनशिप में संचालित बांगड़ पब्लिक स्कूल द्वारा "कक्षा–कक्ष शिक्षण में मूल्यों का समावेश" विषय पर शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, शिक्षाविद् प्रो. आयुष्मान गोस्वामी को आमंत्रित किया गया। प्रो. गोस्वामी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को संदर्भित करते हुए शिक्षण के माध्यम से मूल्यों के विकास को बताते हुए कहा कि कक्षा–कक्ष में शिक्षक स्वयं ऐसी भूमिका का निर्वहन करें, जिससे छात्रों में मूल्यों को बिना बताये हुए उनमें समानता, सौहार्द और कर्तव्य की चेतना इत्यादि मूल्य विकसित हो सकें। विशिष्ट मूल्यों से ही मनुष्य का अच्छा सामाजीकरण होता है। इस सत्र में मूल्यों से संबंधित और भी कई महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। सत्र में विद्यालय के प्रभाष चन्द्र व बीपीएस, रास की कविता भलोठिया ने सहभागिता जतायी व अपने विचारों से शिक्षा को एक नया रूप प्रदान करने का मार्ग दिखाया। सत्र का आयोजन देवांशु पाण्डेय के प्रयास से किया गया। सत्र में दोनों विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षिकाएं भी सम्मिलित हुईं।

# पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह में शामिल हुए मंत्री टंकराम



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

आरोहण समाजसेवी समिति द्वारा महिलाओं में जागृति लाने उन्हें सशक्त बनाने तथा उनमें छुपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए विभिन्न कार्यशाला का आयोजन किया गया।

नगर व आसपास ग्रामीण अंचलों में महिलाओं के बीच खेलकूद का भी आयोजन किया गया, जिस पर समिति द्वारा खेलकूद पुरस्कार वितरण व समाजसेवा से जुड़े महिलाओं व समाज सेवकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, धरसीवा विधायक अनुज शर्मा, आरंग विधायक खुशवंत गुरु, देवजी भाई पटेल, नशा मुक्ति अभियान के प्रदेश प्रभारी वेदराम मन्हरे, नगर पंचायत खरोरा के अध्यक्ष अनिल सोनी, भाजपा खरोरा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर वर्मा शामिल हुए। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा आज समाज को जरूरत है कि महिलाएं बढ़ चढ़कर हर कार्यक्रमों में हिस्सा लें। वह विभिन्न आयोजनों में प्रतिभागी बने व महिलाओं के मिलने वाले आरक्षण का लाभ लें। निश्चित तौर पर महिलाएं कदमताल मिलकर समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहीं है।

धरसीवा विधायक अनुज शर्मा ने कहा मेरे क्षेत्र में मातृ शक्तियों के लिए उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। विधायक खुशवंत गुरु ने आरोहण समाज सेवा समिति के साथ में उपस्थित समस्त मातृ शक्तियों को बधाई दी। समाजसेवी व पार्षद रश्मि वर्मा ने खेलकूद में भाग लेने वाली महिलाओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण पर हर्ष जताया।

# राशि आहरण के 10 माह बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलासपुर में सीसी रोड निर्माण के लिए राशि आहरण के 10 माह बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इसकी लिखित शिकायत बिलाईगढ़ एसडीएम एवं सीईओ से कर उचित कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलासपुर में विधायक मद से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण के लिए दो लाख आठ हजार सचिव र वि शं क र डडसेना एवं सरपंच द्वारा आहरण किया गया है, किंतु आज पर्यंत 10 माह बाद भी उक्त सीसी रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। सरपंच बिलासपुर द्वारा दो लाख आठ हजार रुपए 10 माह पूरे से आहरण कर स्वयं के निजी कार्य में राशि लगाई गई या गबन कर दिए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने बिलाईगढ़ के एसडीएम स्निग्धा तिवारी एवं जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक प्रधान से की है।

- एसडीएम एवं सीईओ से शिकायत, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

यहां यह बताना लाजिमी है कि ब्लॉक स्तर के जिम्मेदार अधिकारी राशि आहरण के 10 माह बाद भी किसी भी प्रकार की कार्रवाई कार्य एजेंसी पर नहीं की जा रही है, जबकि जानकारों का कहना है कि पंचायत राज अधिनियम के तहत कोई भी कार्य एजेंसी या जनप्रतिनिधि दस हजार से अधिक राशि आहरण करने के एक सप्ताह से ज्यादा समय तक अपने पास नहीं रख सकता, किंतु यहां ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं रही होगी।



### आहरित राशि सरपंच को दी

पंचायत के निवर्तमान पंचायत सचिव रविशंकर डडसेना जिनके कार्यकाल में यह कारनामा हुआ से संपर्क करने पर बताया कि मेरे द्वारा सीसी रोड निर्माण के लिए लगभग दो लाख की राशि बैंक से आहरण कर सरपंच को दे दी गई थी, किंतु कार्य नहीं कराया गया है।

### शिकायत मिली है

शिकायत प्राप्त हुई है शो काज नोटिस जारी कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।
**-प्रतीक प्रधान,** मुख्य कार्यक्रम अधिकारी, जनपद पंचायत बिलागढ़

# नवीन आचार्य प्रशिक्षण में शामिल हुए 104 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम भैंसा में विभाग स्तरीय दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन गुरुवार को हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रातः से 10 बजे तक नियोजित समय–सारणी के अनुसार वर्ग का संचालक हो रहा था। प्रातः शारीरिक में प्राणायाम, आसन, स्फूर्ति योग, निःयुद्ध, सरगम का अभ्यास एवं सायकाल शारीरिक में समता, व्यायाम योग एवं संवाद सूत्र, समता, व्यायाम योग, खेल, योगचाप, लेजिम का नियमित अभ्यास होता था। बौद्धिक एवं मानसिक विकास हेतु वंदना अभ्यास , संवादसत्र, शैक्षणिक सत्र, विमर्श एवं रात्रि भारत माता की आरती के पश्चात प्रतिभा विकास का कार्यकम होता था। इसमें लोकगीत, पिंक एण्ड टेलष, जनउला प्रश्नमंच रंग, रंगमंचीय कार्यकम शामिल था। इस वर्ग में रायपुर जिले के 19 विद्यालय से 42 दीदीया एवं बलौदाबाजार जिला से 10 स्थानों से 32 दीदी एवं आचार्य कुल 74 शिक्षार्थी 12 शिक्षक 3 अधिकारी 12 विद्यालय परिवार से कुल 104 लोग इस पूरे शिविर में आवसीय के रूप में रहे।



### युवक से तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** छह-सात माह पूर्व जुआ खेलने की बात को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ति ने मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को वार्ड 15 पुराना रावणभाठा शीतला मंदिर के पीछे महासमुंद निवासी राजू ध्रुव ने बताया कि व राजमिस्त्री का काम करता है। 13 जून की शाम करीब 4 बजे गोविंद ध्रुव, रवि बुंदेला और हरि महाराज घर के पास आए और करीब छह-सात माह पूर्व जुआ खेलने की बात को लेकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गोविंद ध्रुव ने चाकूनुमा औजार से मारा, जिससे गाल में चोट आई है। पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# बाढ़ आपदा बचाव टीम ने महानदी में किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवां

प्रभावित नागरिकों को आकस्मिक बाढ़ आपदा के समय तत्काल राहत देने के लिए टीम और उसके सामग्री को तैयार रहने के उद्देश्य से कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर जिले के टिमरलगा क्षेत्र के घाट पर बाढ़ आपदा बचाव टीम ने महानदी में अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान ई–नौकायान के सभी इंजन को चालू कर और महानदी के पानी में चलाकर परीक्षण किया गया। इस दौरान प्रभारी एसडीएम सारंगढ़ अनिकेत साहू, तहसीलदार आयुष तिवारी और नागरिकों ने ई–नौकायान में बैठकर महानदी में मॉकड्रिल का निरीक्षण किया। नगर सैनिक टीम के सदस्यों ने बताया कि ड्रम, पानी बॉटल, तेल के प्लास्टिक डिब्बा आदि का उपयोग कर नागरिक आपदा के समय कैसे बचा सकते हैं। डूबते हुए व्यक्ति को कैसे बचाया जा सकता है। जब हम पानी में डूब रहे होते हैं तो और हमें तैरना नहीं आता तो बचाव के लिए स्थानीय जुगाड़ के तौर पर खाली तेल के प्लास्टिक डब्बों को बांधकर उसे लाइफ जैकेट के तौर पर उपयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक श्री एस के होता के अधीन 17 नगर सैनिकों ने अभ्यास किया।



### वृद्ध की संदिग्ध मौत

**महासमुंद।** भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम भैंसाखुरी के तालाब पाट के पास एक बुजुर्ग बेहोश मिला। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार 12 जून की दोपहर भैंसाखुरी निवासी देवेंद्र सोना (65) खेत से आते समय तालाब के पास बेहोश होकर पड़ा था। उसके पास बिजली खंभा का तार टूटा हुआ था। उन्हें शासकीय अस्पताल बसना ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# स्वास्थ्य सेवाओं में मोपका और जारा जिले में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में नित नए प्रगति के सोपान तय कर रहा है। इसी कड़ी में जिले के विकासखंड भाटापारा अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोपका और पलारी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर जारा को गुणवत्ता पूर्ण सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमपी महिस्वर के अनुसार राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने राष्ट्रीय स्तर से दिया जाता है। इसमें जिला, राज्य और राष्ट्रीय इन तीन स्तरों पर मूल्यांकन होता है। अंतिम मूल्यांकन के लिए अन्य प्रदेश से निरीक्षण टीम आती है। 70 प्रतिशत से अधिक के स्कोर पर ही स्वास्थ्य संस्था को यह प्रमाण पत्र मिलता है। मूल्यांकन में मोपका को 87.38 तथा जारा को 91 प्रतिशत अंक मिले हैं। मूल्यांकन में आठ बिंदु मुख्य होते हैं– सुविधा उपलब्धता, मरीज के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विस, क्लीनिकल सर्विस, संक्रमण रोक, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम। सीएमएचओ के अनुसार तैयारी हेतु भाटापारा और पलारी के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी और डॉ. बीएस ध्रुव को मार्गदर्शन की जिम्मेदारी दी गई थी। उनकी देखरेख में उक्त स्वास्थ्य केंद्रों के समस्त स्टाफ के सामूहिक प्रयास और मेहनत से यह उपलब्धि हासिल हो पाई है। इससे पूर्व जिले में जिला अस्पताल सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटगी, बरपाली, हथबंद, जर्वे जबकि आयुष्मान आरोग्य मंदिर ससहा तथा रामपुर को यह प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है। जिले में इस वर्ष 45 और अन्य स्वास्थ्य केंद्र हैं, जो एन क्यू ए एस प्रमाण पत्र हेतु प्रयासरत हैं एवं उन्हें तैयारी हेतु जिले से प्रशिक्षित कर टीम बनाकर सहयोग दिया जा रहा है। कलेक्टर ने दी टीम को बधाई दी। कलेक्टर दीपक सोनी ने इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है। यह सामूहिक प्रयास का नतीजा है। उन्होंने कहा की बेहतर से बेहतर सर्विस आम लोगों को मिले यही प्रयास हमारा होनी चाहिए।



- दोनों केंद्र राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र से सम्मानित

### युवती ने फांसी लगाई

**महासमुंद।** ग्राम धनसुली की एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि नीलम जगत पिता भागीरथी जगत (17 साल) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371